06- JULY- Pg- 1-ALL BHOOMI_Layout 1 7/6/2024 10:26 PM Page 1




# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


**2880 रुपए की पेटी कमाई बंटती थी छह हिस्सों में, ऊपर तक जाता था पैसा**

**अफसर, डिस्टलरीज और बिचौलियों का बनाया गया था रैकेट**

## कमीशन की राशि 75 से बढ़कर सौ रुपए तक पहुंची

जांच एजेंसी द्वारा कोर्ट में दायर चार्जशीट में उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2019-20 में शराब में प्रति पेटी 75 रुपए कमीशन देना तय हुआ। बाद के वर्षों में कमीशन की राशि 100 रुपए कर दिया गया। शराब निर्माता कंपनियों कमीशन देने में नुकसान न हो इस बात का भी ध्यान रखा गया, इसके लिए साल के नए टेंडर में शराब की कीमतों में उतने ही अनुपात (लोडिंग प्राइज) में वृद्धि की गई। जिसका भुगतान शराब निर्माता कंपनी, सिंडेकेट को नगद तथा अनवर ढेबर और त्रिलोक सिंह ढिल्लन के बनाए गए फर्म में जमा किया जाता था। इसके एवज में शराब निर्माण करने के लिए उपयोग में आने वाले रॉ मटेरियल, कनकी चावल की आपूर्ति में ओवर बिलिंग के माध्यम से करते थे।

## दूसरी बैठक में नकली होलोग्राम का विचार

सिंडिकेट द्वारा कमीशन की और ज्यादा वसूली के लिए नई व्यवस्था लाने अनवर ढेबर के होटल में पुनः बैठक बुलाई गई। इसमें डिस्टलरियों से देशी शराब निर्माण कर सीधे दुकान तक पहुंचाने किसी तरह से बाधा उत्पन्न न हो इसके लिए व्यवस्था बनाई गई। उसी बैठक में अन अकाउंटेड शराब दुकान तक पहुंचाने नकली होलोग्राम का उपयोग करने विचार किया गया। इसके बाद नकली होलोग्राम बनाने एपी त्रिपाठी के माध्यम से उत्तरप्रदेश, नोएडा के विधु गुप्ता से संपर्क कर नकली होलोग्राम तैयार कराया गया। अतिरिक्त शराब के लिए बॉटलिंग की व्यवस्था करने अरविंद सिंह का भतीजा अमित सिंह तथा उसके सहयोगियों को ठेका दिया गया।




# होटल वेनिंगटन में इकट्ठा होती थी शराब की काली कमाई हवाला के जरिए भेजी जाती थी दिल्ली, मुंबई, कोलकाता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य में दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाला मामले में ईओडब्लू ने स्पेशल कोर्ट में जो चार्जशीट दाखिल की है। उसमें कोर्ट को बताया गया है कि शराब घोटाले को लेकर पहली बैठक वर्ष 2019 के शुरुआत में अनवर ढेबर के जेल रोड स्थित होटल वेनिंगटन में हुई थी। बैठक में शराब निर्माता कंपनियों के साथ अफसर शामिल हुए थे। बैठक का आयोजन अनवर ढेबर ने किया था। उसके बाद वेनिंगटन होटल ही शराब की काली कमाई का अड्डा बन गया था। काली कमाई वहीं इकट्ठा होती थी।

जांच एजेंसी द्वारा कोर्ट में दायर चार्जशीट के मुताबिक बैठक में छत्तीसगढ़ डिस्टलरी की ओर से नवीन केडिया, भाटिया वाइंस प्राइवेट लिमिटेड से भूपेंदर पाल सिंह भाटिया तथा प्रिंस भाटिया, वेलकम डिस्टलरीज की ओर से राजेंद्र जायसवाल उर्फ चुन्नू तथा हीरालाल जायसवाल के साथ ही नवीन केडिया के संपर्क अधिकारी संजय फतेहपुरिया उपस्थित हुए थे। अफसरों में अरुणपति त्रिपाठी के साथ ही शराब कारोबारी अरविंद सिंह उपस्थित थे।

### अन अकाउंटेड शराब पहुंचाने 15 जिले चुने गए

अन अकाउंटेड शराब खपाने के लिए 15 जिलों का चयन किया गया। अन अकाउंटेड शराब को खपाने के लिए एपी त्रिपाठी ने जिला आबकारी अधिकारियों की बैठक बुलाई। बैठक में आबकारी अफसरों को अन अकाउंटेड शराब खपाने सुपरवाइजर के साथ कोआर्डिनेटर को प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा अन अकाउंटेड शराब की रकम कलेक्शन करने की जिम्मेदारी अरविंद सिंह तथा विकास अग्रवाल को दिया गया।






# दवा निगम में सर्जिकल स्ट्राइक... एक साथ बदले वेयर हाउस के सहायक प्रबंधक

*अनावश्यक दवा और रीएजेंट सप्लाई की जांच के बीच सीजीएमएससी के ड्रग वेयर हाउस में पदस्थ सहायक प्रबंधकों को एक साथ बदल दिया गया है। सभी पिछले दस साल से वहां जमे हुए थे। आदेश जारी कर उन्हें मूल विभाग में वापस भेजे जाने से कई तरह की चर्चा विभागीय स्तर पर हो रही है। हरिभूमि ने दवा निगम में भर्राशाही की खबरें लगातार प्रकाशित की थीं।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि निगम में कसावट लाएंगे। बाकी मामलों की जांच चल रही है, रिपोर्ट के बाद सख्त कार्रवाई करेंगे। स्वास्थ्य केंद्रों में बिना आवश्यकता रीएजेंट की सप्लाई और बिना डिमांड के सरकारी अस्पतालों में अनावश्यक दवा की आपूर्ति के मामले में सीजीएमएससी चर्चा में है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर इन प्रकरणों की उच्च स्तर पर जांच की जा रही है। इसी बीच दवा कार्पोरेशन के कामकाज में कसावट लाने का काम भी शुरू कर दिया गया है। सीजीएमएससी के राज्य में संचालित 16 औषधि भंडार के प्रभारियों को थोक में बदल दिया गया है।

- दस साल से जमे हुए थे मूल विभाग में भेजा गया चर्चा कई तरह की
- हरिभूमि ने भर्राशाही की खबरें प्रकाशित की थीं, मंत्री बोले अभी और कार्रवाई होंगी




### इन्हें हटाया गया

अंबिकापुर एवं कोरिया ड्रग वेयर हाउस से मो. वासिम, बिलासपुर से दीपक शर्मा, दंतेवाड़ा एवं जगदलपुर के सहायक प्रबंधक अवनीश कुमार यादव, जयंत कुमार जैन ड्रग वेयर हाउस धमतरी एवं कांकेर, राजकुमार देवांगन ड्रग वेयर हाउस दुर्ग एवं राजनांदगांव, नरोत्तम साहू दवा गोदाम जांजगीर एवं कोरबा, दिलीप कुमार पारही औषधि गोदाम जशपुर एवं रायगढ़, दीपक लांझी कवर्धा, महिमा सिंह दुबे ड्रग वेयर हाउस महासमुंद, विरेंद्र कुमार देवांगन औषधि गोदाम रायपुर को हटाया गया है।

### व्यवस्था को दुरुस्त कर रहे

स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। अस्पतालों को दवाओं की आपूर्ति बिना व्यवधान के हो, इसके लिए सीजीएमएससी की कार्यशैली में कसावट लाई जा रही है। इसके तहत वेयर हाउस के प्रभारियों को बदला गया है। दवाओं और रीएजेंट की सप्लाई के मामले की जांच की जा रही है। रिपोर्ट मिलते ही जल्दी कार्रवाई की जाएगी।

- **श्याम बिहारी जायसवाल**, स्वास्थ्य मंत्री

### लंबे समय से पदस्थ थे

राज्य के सभी ड्रग वेयर हाउस में सहायक प्रबंधकों की नई नियुक्ति की गई है। पुराने कर्मचारी लंबे समय से पदस्थ थे, जिन्हें हटा दिया गया है।

- **पद्मिनी भोई**, एमडी, सीजीएमएससी

**प्रेमप्रकाश की याचिका स्वीकार**

# विधायक देवेंद्र यादव को हाईकोर्ट से झटका



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भिलाई से कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव को बिलासपुर हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। पूर्व बीजेपी विधायक प्रेम प्रकाश पांडेय की चुनावी याचिका को हाईकोर्ट ने स्वीकार कर लिया है और निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका को कोर्ट ने सुनवाई योग्य माना है। दरअसल इससे पहले, विधायक देवेंद्र यादव ने सुनवाई नहीं करने के लिए आवेदन लगाया था। देवेंद्र पर चुनाव के दौरान गलत जानकारी बताने का आरोप लगा है। आपराधिक रिकॉर्ड छुपाने का भी आरोप है।

- 31 जुलाई को होगी सुनवाई

### आयोग को नहीं बनाया गया पक्षकार

याचिका में यह भी तर्क दिया गया है कि विधायक यादव ने आयोग के दिशानिर्देश और जनप्रतिनिधित्व कानून का खुला उल्लंघन करते हुए संपत्ति के संबंध में महत्वपूर्ण तथ्यों को भी दबाने का प्रयास किया है। उन्होंने साल 2018-2019 में उन्होंने अपनी आय 2 लाख रुपए बताई थी। नामांकन पत्र जमा करते समय प्रस्तुत शपथ पत्र में भी अपनी दो लाख की आय होना बताया है।

## खबर संक्षेप

### कुलगाम में चार आतंकी मारे गए, जवान शहीद



**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले में शनिवार को आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में एक सैनिक शहीद हो गया। जिले में दो जगहों पर मुठभेड़ देर रात तक जारी रही। इस दौरान चार आतंकी मारे गए। मोडरगाम गांव में आतंकवादियों की सूचना मिली थी।









## खबर संक्षेप

### डॉ.मुखर्जी को जयंती पर किया गया नमन



**अम्बिकापुर।** जनसंघ के संस्थापक व भाजपा के पितृपुरूष डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी के पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं ने बिलासपुर चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री श्री चौधरी ने कहा जहाँ हुए बलिदान मुखर्जी वो कश्मीर हमारा है का नारा लगाते हुए भाजपा का कार्यकर्ता पुष्पित पल्लवित हुआ है। डॉ मुखर्जी का अपने देश के लिए किया गया सर्वस्व बलिदान हमें सत्य के मार्ग पर चलकर देश सेवा करने के लिए सदैव प्रेरित करता रहेगा। उनके संकल्प व सिद्धांतों को आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस दौरान सांसद चिंतामणि महाराज, विधायक राजेश अग्रवाल, प्रबोध मिंज, अनुराग सिंहदेव, अखिलेश सोनी, भारत सिंह सिसोदिया, राजकुमार बंसल, मधुसूदन शुक्ला, फूलेश्वरी सिंह, मनोज गुप्ता, आलोक दुबे सहित अन्य पदाधिकारी-कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पशु औषधालय मंगारी के परिचारक बुधनराम निलंबित

**अम्बिकापुर।** विकासखण्ड बतौली स्थित पशु औषधालय मंगारी में पदस्थ परिचारक बुधनराम को ड्यूटी समय में मदिरापान कर अशोभनीय व्यवहार करने के कारण निलंबित कर दिया गया है। उक्त के द्वारा आचरण नियम का पालन न करते हुये अनुशासनहीनता बरती गई। जो कि छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 एंव 7 के विपरीत है। पशु चिकित्सा सेवा विभाग के उपसंचालक ने बुधनराम को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1966 के नियम 9 में दिये गये प्रावधान के तहत निलंबित किया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें अम्बिकापुर नियत किया गया है एवं इन्हे नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।बताया जा रहा है कि कर्मचारी द्वारा किसी जनप्रतिनिधि के साथ गलत व्यवहार किया गया था। इस मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों से की गई थी जिसके बाद जांच उपरांत कार्रवाई की गई है।

### मरीज एवं परिजन के मनोरंजन के लिए लगाई गई थी 30 एलईडी टीवी

# मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सभी वार्डों से गायब हुई एलईडी टीवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- कहां गए एलईडी टीवी, पंखा व एसी अस्पताल प्रबंधन को नहीं मालूम



एलईडी टीवी विहीन सर्जिकल वार्ड।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल आईसीयू को छोड़ प्रायः सभी वार्डों में मरीज सहित परिजन के सुविधा के लिए एलईडी टीवी लगाए गए थे। पिछले दो साल के भीतर ही अचानक सभी वार्ड से एलईडी टीवी गायब हो गई। हैरानी की बात यह है कि लाखों की लागत से लगाए गए एलईडी टीवी कहां गए इसकी जानकारी अस्पताल प्रबंधन को भी नहीं है। ऐसे में अस्पताल में मरीज सहित परिजन के सुविधा के लिए उपलब्ध कराए गए संसाधन के कैसे दुरुपयोग किए जाते है यह आसानी से समझा जा सकता है।

आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र सरगुजा जहां स्वास्थ्य सुविधा का एक मात्र साधन मेडिकल कॉलेज अस्पताल है जहां जिले सहित दूसरे जिलों से बड़ी संख्या में हर रोज बड़ी संख्या में मरीज दाखिल होते है। जिला प्रशासन व अस्पताल प्रबंधन द्वारा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सके इसके लिए नई-नई सुविधा अस्पताल में उपलब्ध कराई जा रही है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों को जांच व उपचार में किसी प्रकार की परेशानी न हो इसे ध्यान में रखकर अस्पताल के सभी विभाग में आवश्यक जांच उपकरण सहित अन्य संसाधन उपलब्ध कराई गई है जिसका लाभ मरीजों को मिल रहा है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में आवश्यक जांच व उपकरण उपलब्ध हो जाने से कुछ साल के भीतर ही मरीजों की संख्या में काफी बढ़ोत्तरी हुई है। अस्पताल के सभी वार्ड में मरीज की संख्या बढ़ने तथा ओपीडी में भीड़ होने पर लगभग तीन साल पूर्व ही मरीज सहित परिजन की सुविधा के लिए ओपीड़ी से लेकर अस्पताल के सभी वार्ड में 30 एलईडी टीवी जबकि जांच कक्ष सहित अन्य जगह 19 एसी व 70 पंखा लगाए गए थे। निजी अस्पताल की भांति मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भी एलईडी टीवी लग जाने से मरीज सहित परिजन के मनोरंजन के लिए एक अच्छी सुविधा उपलब्ध हो गई थी परंतु पिछले कुछ साल के भीतर ही अस्पताल के ओपीड़ी सहित सभी वार्ड से अचानक एलईडी टीवी के अलावा अधिकांश एसी व पंखा गायब हो गए। हैरानी की बात तो यह है कि लाखों की लागत से लगाए गए एलईडी टीवी कहां गए इसका पता अस्पताल प्रबंधन को भी नहीं है। ऐसे में अस्पताल के संसाधनों की देखरेख कैसी होती है यह आसानी समझा जा सकता है।

#### मरीज व परिजन के लिए थी सुविधा

अस्पताल में मरीज लेकर आने वाले परिजन ऐसे भी काफी परेशान रहते है। ऐसे में अस्पताल में समय काटना परिजन लिए मुश्किल होता है। पहले जहां परिजन मोबाइल के सहारे समय काटते थे लेकिन अस्पताल प्रबंधन द्वारा सभी वार्ड में एलईडी टीवी की व्यवस्था करने से मरीज सहित परिजन के लिए एक अच्छी सुविधा हो गई थी। चुनाव हो या क्रिकेट मैच। अस्पताल में भर्ती मरीज व परिजन को वार्ड में भी चुनाव परिणाम और क्रिकेट मैच का सीधा प्रसारण देखने को मिल जाता था। लेकिन अब वार्ड से एलईडी टीवी गायब हो जाने से पूर्व की भांति स्थिति निर्मित हो गई।

#### म्यूजिक सिस्टम हुआ बंद

मेडिकल कॉलेज अस्पताल का वातावरण शांत हो और लोगों को परेशानी से कुछ पल के लिए निजात मिल सके इसे ध्यान में रखकर अस्पताल प्रबंधन द्वारा पूरे अस्पताल के गलियारों में म्यूजिक सिस्टम लगाया था। सुबह से शाम तक धीमी आवाज में भक्ति संगीत पूरे अस्पताल में सुनाई देता जिससे परिजन को भी काफी राहत मिलती। लेकिन कुछ साल से अस्पताल में म्यूजिक सिस्टम भी बंद हो गया है।

#### कराई जाएगी जांच

अस्पताल के सभी वार्ड में एलईडी टीवी लगा था इसकी जानकारी नहीं है। पूर्व में सभी वार्ड में एलईडी टीवी लगा था और सभी गायब है तो इस संबंध में जांच कराई जाएगी।

-डॉ. आरसी आर्या
अस्पताल अधीक्षक

### युवक ने अकेली जा रही युवती से की छेड़छाड़, मामला दर्ज

**लखनपुर।** युवती से छेड़छाड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक लोसगी पंडरी थाना क्षेत्र की 30 वर्षीया युवती शुक्रवार को सबेरे सीएफएल सेंटर जाने के लिए घर से पैदल निकली थी। इस दौरान लोसगी छुरी पतरा जंगल के समीप गांव का कविलास उर्फ लुल्ला मिला तथा युवती को रूकने के लिए कहा। युवती खौफ से भागने लगी। कविलास उसे पकड़कर छेड़छाड़ करने लगा। युवती के चिल्लाने पर संजू उरांव, डिकलेश यादव मौके पर पहुंचे तो आरोपी वहां से फरार हो गया। पीड़िता ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
रायपुर के सुप्रसिद्ध गठिया रोग विशेषज्ञ... डॉ बी.बी. कुमार MBBS, MD (Medicine) Rheumatology
छ ग के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ... डॉ मनीष चौरसिया एम.सी.एच. न्यूरोसर्जन
रायपुर के सुप्रसिद्ध रक्त रोग विशेषज्ञ... डॉ निहार गुप्ता MBBS, MD FICH Hematologist
छ ग के सुप्रसिद्ध मनोचिकित्सक... डॉ गौरी शंकर सिंह MD, (Psychiatry) BHU MBBS (AFMC)
रायपुर के सुप्रसिद्ध पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ... डॉ पुष्पेन्द्र नायक गैस्ट्रोसर्जन
छ ग के सुप्रसिद्ध कैंसर रोग विशेषज्ञ.. डॉ विकास अग्रवाल MBBS,DrNB,PDF,FMAS,FISCP,MNAMS
डॉक्टर्स हाऊस @ सरगुजा
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
छ ग के सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ.. डॉ अंशु शेखर MBBS, MS (Orthopaedic)
चर्म रोग, गुप्त रोग, कुष्ठ रोग, बालों एवं त्वचा सौन्दर्य चिकित्सक डॉ निश्चल श्रीवास्तव MD, Dermatology, Venereology & Leprology
छ ग के सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन... डॉ आशु जैन MS, MCH, FHU, Neurosurgery
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र 1.5 Tesla MRI All Diagnostic Facilites
07 जुलाई 2024 प्रत्येक माह के प्रथम रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे 07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI CHIRMIRI
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
पैट्रोल पंप के सामने, वार्ड नं..-1, पोड़ी, चिरमिरी, जिला - कोरिया (छ.ग.)
81098-66204 • 89595-44444

### सेंट जेवियर्स स्कूल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने प्रशिक्षण



**राजपुर।** नगर के सेंट जेवियर्स स्कूल में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शिक्षकों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सेंट जेवियर्स स्कूल अंबिकापुर, सेंट जोन बर्कमंस स्कूल धनवार कला, निर्मला स्कूल झिंगो एवं सेंट जेवियर्स स्कूल राजपुर के शिक्षक, शिक्षिकाओं ने हिस्सा लिया। सेमिनार का संचालन फादर अशोक लकड़ा, फादर मिखाएल तिर्की, प्राचार्य फादर सेबास्तियन तिग्गा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उन्होंने संस्था की स्थापना के उद्देश्य, जेसुविट शैक्षणिक संस्थाओं के आधारभूत मूल्यों पर आधारित बच्चों की अच्छी शिक्षा के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास एवं जीवन निर्माण से संबंधित कई टिप्स शिक्षकों को दिए। वर्तमान परिवेश में शिक्षा का महत्व, नई तकनीक, नया अनुसंधान, स्कूल-क्लास रुम मैनेजमेंट आदि महत्वपूर्ण विषयों पर ऑडियो-वीडियो व पावरपॉइंट के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। प्रस्तुति द्वारा उन्होंने शिक्षकों को ट्रेनिंग दी। अपने वक्तव्य में उन्होंने जेसुविट एजुकेशन के उत्कृष्ट परम्परा 'माजिस' मानव उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता, पृथ्वी की देखभाल, परख, आईपीपी पर विशेष जोर दिया जिसका अर्थ है इग्नेशियन पेडालाजिकल पाराडाईम जो बच्चों के सर्वांगीण विकास पर आधारित है। सेमिनार के अन्त में मनोज हेमरोम ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर उप प्राचार्य अमोल कुमार मरकाम व अन्य शिक्षक उपस्थित थे।



### हाउसिंग बोर्ड निर्माण को लेकर कैबिनेट मंत्री ने लिया ग्रामीणों का सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

संभाग मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत संजयनगर में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल को आबंटित भूमि को लेकर शनिवार को क्षेत्रीय विधायक व कैबिनेट मंत्री ने ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनके विचार से अवगत हुई हैं। कैबिनेट मंत्री ने यहां पर ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि लोगों के मंशानुरूप कार्य कराने का प्रयास किया जाएगा। गौरतलब है कि लटोरी तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत संजयनगर में शासन के मंशानुरूप अटल विहार योजना के तहत छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल को आवंटित भूमि का सीमांकन कार्य लोकसभा चुनाव से पूर्व लटोरी तहसीलदार द्वारा गठित राजस्व निरीक्षक व पटवारियों की टीम द्वारा किया जाना था। इसी बीच ग्रामीणों के विरोध उपरांत इस समय सीमांकन कार्य को यहां पर रोक दिया गया था।

इसी तारतम्य में शनिवार को भटगांव विधायक व कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने ग्राम पंचायत संजयनगर में पहुंचकर ग्रामीणों के साथ बैठक करके उनकी बातों की सुनवाई की। यहां पर ग्रामीणों ने हाउसिंग बोर्ड का विरोध करते हुए कहा कि यहां पर उक्त कार्य को नहीं होने दिया जाएगा। अगर जबरन उक्त कार्य को कराया जाएगा तो ग्रामीणों द्वारा विरोध दर्ज कराया जाएगा। ग्रामीणों का कहना था कि यहां पर लोग वर्षों से अपना जीवनयापन कर कृषि कार्य कर रहे हैं। जिस पर कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि आमजन की सुविधा अनुसार ही यहां पर कार्य कराए जाने का प्रयास किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री ने आमजन को बताया कि इस संबंध में मुख्यमंत्री से मुलाकात करके लोगों की भावनाओं से अवगत कराया जाएगा। बताया जा रहा है कि ग्राम पंचायत संजयनगर के भूमि स्थित दर्जनों खसरा नंबर के कुल रकबा 18.95 हेक्टेयर भूमि का सीमांकन कार्य पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है। उक्त आयोजन में ठाकुर राजवाड़े, देवधन राम बिंझिया, श्यामल समद्दार, संदीप सरकार, नेपाल समद्दार, तारक मंडल, मनमत बछाड, हाजरा ठाकुर सिंह, ओमप्रकाश राजवाड़े, राजू, विष्णु समद्दार, राधे गुप्ता, बाबूलाल विश्वास, बलाई शील, विश्वनाथ विश्वास सहित अन्य उपस्थित थे।



### शिक्षक कल्याण संघ ने मंत्री राजवाड़े को सौंपा ज्ञापन पेंशन दिलाने की मांग

**भैयाथान।** प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ इकाई सूरजपुर के पदाधिकारी व सदस्यों ने शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े से भेंट कर नियुक्ति तिथि 1998 से पेंशन दिलाने की मांग कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने संघ की मांग को उचित ठहराते हुए समर्थन व समाधान का भरोसा दिलाया और मुख्यमंत्री तक मांग को पहुंचाने का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने के दौरान संभागीय कार्यकारी अध्यक्ष गुलाब देवांगन, जिलाध्यक्ष बोधन राजवाडे, ब्लाक अध्यक्ष विपिन कुमार चौबे, सत्यपाल सिंह, राजेश मिश्रा, चित्रगुप्त नायक, ताराचंद गुप्ता, इन्द्रभानु सिंह, बलभद्र देवांगन, सुखेन्द्र प्रताप सिंह, उत्तम राजवाडे, मीरा शर्मा, ऊषा सिंह, देवकुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

सरगुजा मार्केट

डॉ.कल्पना दाश
M.B.B.S., M.D., DM (ENDO)
मधुमेह (शुगर), थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
दिनाँक - 14 जुलाई 2024, दिन रविवार
समय - सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं. 7354260555

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ्रिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

डॉ.तुषार जैन
M.B.B.S, M.D (पल्मोनरी मेडिसीन)
(सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुम्बई)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
दमा, खाँसी, टीबी, निमोनिया, एलर्जी, फेफड़े का कैंसर, इस्नोफिलिया, PFT, ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
दिनाँक - 7 जुलाई 2024, दिन रविवार
समय - सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं. 7354260555

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, नि:संतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 07 जुलाई, दिन - रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें।

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
उपलब्ध सुविधाएं
दिनांक 19 जुलाई 2024 दिन - शुक्रवार
• पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना
• गुर्दे व पेशाब के नली में पथरी।
• प्रोस्टेट बढ़ जाना।
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Uresurgeon)
• पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
• किडनी, पेशाब थैली, अण्डकोष प्रॉस्टेट कैंसर
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500 7240802000
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जांच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

मानसिक एवं न्यूरो रोग परामर्श
डॉ अनिल कुमार यादव
एम.डी. (बी.एच.यू.) वाराणसी
दिनांक - 7 जुलाई 2024, रविवार
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

पथरी मतलब लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276 9542344694, 9434062770

TOP IN SURGUJA

डायबिटीज, थायरॉइड, मोटापा एवं हार्मोन रोग विषेशज्ञ
डॉ. हर्षप्रीत सिंह टुटेजा
MD Medicine, FRSSDI (Lilavati Hospital, Mumbai)
Fellowship in Diabetology (Royal College of Physician, London
PgDip ib Endocrinology (UK)
9617605000, 7049985558
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर के सामने, अम्बिकापुर जिला - सरगुजा (छ.ग.)
सरदार रंजीत सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल
SRS HOSPITAL
न्यूनतम दर, उच्चतम सेवा
शुगर, थायराइड, ब्लडप्रेशर, मोटापा, स्ट्रोक (लकवा), एनीमिया (खून की कमी)
अस्थमा, COPD (साँस लेने में तकलीफ), टाईफॉइड, निमोनिया (फेफड़े में इन्फेक्शन)
मलेरिया, अर्थराइटीज (जोड़ों में दर्द), कमर दर्द, UTI (पेशाब में जलन), पैरों में जलन एवं सूजन
अनियमित माहवारी, बालों का झड़ना, शरीर में ज्यादा बालों का होना, माइग्रेन (सिर में दर्द)
गैसस्ट्राय टिस (पेट में दर्द या जलन होना)

24/7 Emergency Service
गायत्री हॉस्पिटल
CREATING HEALTHY TOMORROW
A MULTISPECIALITY HOSPITAL
कम खर्चे में ईलाज की सर्वसुविधा युक्त के साथ उच्च ईलाज
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
दिनांक - 7 जुलाई 2024, रविवार
डॉ. निहार गुप्ता MBBA, MD, FICH (HEMATOLOGIST) रक्त रोग विशेषज्ञ
डॉ. आशु जैन MBBS, MS, M.CH Neuro Surgeon
AMBULANCE
पता - बनारस रोड, पी.जी कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर
मो. 9424250281, 8120906000, 8120809000

ACCREDITED WITH GRADE B+ NAAC
2008 से संचालित
के आर टेक्निकल कॉलेज
(A POST GRADUATE COLLEGE)
KRTC.CO.IN
संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा अम्बिकापुर से संबद्ध और उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ से मान्यता प्राप्त
अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद नई दिल्ली से अनुमोदित
DCA | BCA | BSC BIO | BSC MATH | BSC COMPUTER SCIENCE | MCOM | MSW | MSC BOTANY | MSC ZOOLOGY
BCOM | BBA | BA | PGDBM | PGDCA | MSC MATH | MSC CS | MSC IT | MSC CHEMISTRY
SC, ST और OBC छात्रों को छात्रवृत्ति
प्रवेश के लिए कॉल करें : 8435061866, 9926020334, 9926513170
प्रवेश के लिए संपर्क करें : पं. शिवधारी कॉलोनी, फारेस्ट ऑफिस के पास, प्रतापपुर रोड, अंबिकापुर, सरगुजा, छत्तीसगढ़

आसरा महाविद्यालय
7987588781 9201487773
(AFFILIATED BY SANT GAHIRA GURU VISHWAVIDYALAYA, SURGUJA, AMBIKAPUR, C.G. & APPROVED BY HIGHER EDUCTION GOVT OF CHHATTISGARH)
B.SC-BIO Botany, Zoology, Chemistry
B.A History, Sociology, Political Science
B.C.A All Compulsory Subjects
D.C.A All Compulsory Subjects
P.G.D.C.A All Compulsory Subjects
-: CAMPUS :- Jarhadih, Raghunathpur, Tehsil-Lundra, Dist - Surguja (C.G)

NABH CERTIFIED
24 घंटे आपातकालीन सेवाएं
Call us : 7869900888 (O.P.D) 822588500 (Hospital) 7240802000
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
50 बिस्तरीय मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल
दूरबीन से पित्त की थैली / अपेंडिक्स / बच्चेदानी / गांठ आदि का ऑपरेशन/ लेजर से बवासीर/ फिशर भगंदर का इलाज / आयुष्मान/राशन कार्ड से इलाज/ आईसीयू/ हड्डी का ऑपरेशन/ प्लास्टिक सर्जरी/ डायबटीक फूड
हमसे मिलें - डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल, भारत माता चौक के पास खरसिया रोड अम्बिकापुर, छ.ग.

6 Ambikapur-BHOOMI-pg 3_Layout 1 7/6/2024 10:06 PM Page 1



4 पीएम आवास निर्माण में गड़बड़ी करने वालों पर होगी एफआईआर



SALE
END OF SEASON SALE
UP TO 60% OFF
निशांत नेक्स्ट वर्ल्ड

KILLER SALE
UP TO 40% OFF
KILLER STORE - NEAR POONAM LODGE
OLD BUS STAND - AMBIKAPUR
CALL- 7400849887

अंश COMPUTER EDUCATION
PGDCA
DCA
BA, MA, PGDRD, B.LIB, B.Sc...
अंश कम्प्यूटर सेंटर
जिला - बलरामपुर
8964951878

(अम्बिकापुर) प्रवेश प्रारंभ (अम्बिकापुर)
न्यू महाराणा I.T.I.
Affiliated by:- (N.C.V.T & D.E.T.)
New Delhi (Govt. Of India)
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, डीजल मैकेनिक, फिटर
योग्यता-10वीं पास (प्राईवट, ओपन,पत्राचार, नियमित)
प्रथम प्रवेशित 50 छात्रों को विशेष छुट
अतिशीघ्र प्रवेश लेवें मात्र 999/- नो डोनेशन
स्थान सीमित 100% रोजगार परक प्रशिक्षण
प्राचार्य: माखन विहार के बाजू में (कन्या परिसर रोड) अजरिमा अंबिकापुर
मो. 9203914565, 9713310420, 9203914561

## राशि स्वीकृत होने के बावजूद तीन सालों से नहीं हुई मरम्मत

# बड़े-बड़े गड्ढों के कारण धौरपुर-बबौली मार्ग से आवागमन हुआ मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

देख-रेख एवं मरम्मत के अभाव में धौरपुर-बबौली पारा मार्ग में बड़े-बड़े खतरनाक गड्ढे बन गए हैं। छोटा मार्ग होने के कारण स्थानीय लोगों के साथ ही बड़ी संख्या में बाहर के यात्री सड़क से आवागमन करते हैं। खतरनाक गड्ढों के कारण आए दिन बाइक सवार दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं।

**खास बात**

- आए दिन लोग हो रहे दुर्घटना के शिकार

क्षेत्रवासियों की सुविधा के लिए वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत धौरपुर-बबौली पारा सड़क योजना के तहत धौरपुर-बबौली पारा सड़क का निर्माण किया गया था।

ठेकेदार ने बेस बनाए बिना ही सड़क निर्माण की खानापूर्ति पूरी कर दी। इसका नतीजा यह हुआ कि बनने के बाद ही सड़क उखड़ने लगी। इस दौरान निर्माण की खानापूर्ति के खिलाफ विभाग को ग्रामीणों के विरोध-प्रदर्शन का भी सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर ग्रामीणों ने सड़क निर्माण को रोक दिया वहीं कुछ स्थानों पर ग्रामीणों के उग्र पदर्शन के कारण विभाग को नवनिर्मित सड़क उखाड़कर दोबारा निर्माण करना पड़ा। जैसे-तैसे निर्माण पूरा हुआ तो जगह-जगह सड़क उखड़ने लगी। गारंटी अवधि में सड़क के उखड़ने का हवाला देकर ग्रामीण क्षतिग्रस्त सड़क को बनवाने की मांग लेकर विरोध-प्रदर्शन करते रहे लेकिन विभाग के अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया। देखते ही देखते सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए। जनप्रतिनिधियों की पहल पर वर्ष 2021 में 1.04 लाख की लागत से विभाग ने सड़क की मरम्मत कराई लेकिन इसका लाभ लम्बे समय तक नहीं मिल सका। इसके बाद विभाग जर्जर सड़क की मरम्मत के लिए 2.09 लाख की स्वीकृति प्रदान की लेकिन मरम्मत नहीं हो सकी। विभाग साल दर साल सड़क मरम्मत के लिए चार बार में 14.34 लाख की स्वीकृति दे चुका है लेकिन अभी तक एक बार भी सड़क की मरम्मत नहीं हो सकी है। विभाग द्वारा आबादी क्षेत्र में सड़क किनारे नाली का भी निर्माण कराया गया था। गुणवत्ताहीन निर्माण के कारण नाली का निशान तक नहीं बचा है। नियमानुसार विभाग को हर साल दो बार नाली की मरम्मत करानी चाहिए लेकिन अधिकारियों ने इस ओर कभी ध्यान नहीं दिया। नाली के अभाव में बरसात का पानी सड़क पर बहता है जिसके कारण जगह-जगह सड़क तालाब के शक्ल में बदल गई है। खतरनाक गड्ढों के कारण वाहन चलाना तो दूर पैदल चलने में भी परेशानी होती है। विभाग ने सड़क एवं नाली मरम्मत की जिम्मेदारी जय माता दी इन्फोटेक को सौंपा है लेकिन सालों का समय गुजरने के बावजूद अभी तक मरम्मत शुरू नहीं हुई है। बावजूद अभी तक मरम्मत शुरू नहीं हुई है।

इस संबंध में उपयंत्री लक्ष्मी ठाकुर ने बताया कि ठेकेदार का निधन होने के कारण सड़क मरम्मत का कार्य शुरू नहीं हो सका है। विभाग द्वारा ठेकेदार को नोटिस जारी किया गया था जिसका जवाब अब तक नहीं मिला है।



जर्जर सड़क।

### राजपुर को जोड़ती है सड़क

धौरपुर-बबोली पारा सड़क राजपुर को जोड़ती है। मुख्यमार्ग से 18 किमी कम दूरी होने के कारण राजपुर, बलरामपुर, रामानुजगंज के साथ ही झारखण्ड जाने वाले यात्री इसी मार्ग से सफर करते हैं। गर्मी के मौसम में लगातार उड़ती धूल एवं बारिश में कीचड़ एवं गड्ढों के कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी मार्ग से ग्राम कुदर, बबोली, जोरी, विल्हमा एवं रघुपुर के ग्रामीण विकासखण्ड मुख्यालय आते हैं। खतरनाक गड्ढों के कारण 6 किमी की दूरी तय करने में एक घंटा से अधिक समय लग जाता है।

# बजरंग दल नेता सुजीत की मौत के मामले में जांच करने पहुंची एसआईटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बजरंग दल के नेता व युवती की संदिग्ध मौत के मामले में एसआईटी की टीम ने अपनी जांच शुरू कर दी है। कमांडेंट राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में एसआईटी की टीम शुक्रवार की देर शाम बलरामपुर पहुंच गई थी और लोगों से पूछताछ की। इसके साथ ही टीम ने आज घटना स्थल का निरीक्षण कर वस्तु स्थित का जायजा लिया।

- बयान लेने के बाद आज घटना स्थल का किया मुआयना, 27 मई को मिली थी युवक, युवती की लाश

बजरंग दल के नेता की मौत के मामले में कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने प्रदेश के गृह मंत्री से एसआईटी जांच की मांग की थी। बता दें कि बलरामपुर जिला मुख्यालय से तीन किमी दूर डूमरखी जंगल में बजरंग दल के जिला सह संयोजक सुजीत सोनी व युवती किरण काशी की लाश 27 मई को बरामद की गई थी। बजरंग दल नेता का शव मिलने के बाद क्षेत्र में आक्रोश फ़ैल गया था और घटना को लेकर स्थानीय लोगों और बजरंग दल ने नगर में चक्का जाम विरोध प्रदर्शन किया था। परिजन ने युवक की मौत के पीछे बड़ी साजिश की संभावना जताई थी लेकिन पीएम रिपोर्ट में दोनों की मौत करंट की चपेट में आने की पुष्टि हुई थी लेकिन परिजन व नगरवासी पुलिस की इस जांच से संतुष्ट नहीं थे। वहीं इस मामले में कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम एसआईटी गठन की मांग की थी जिसके बाद राज्य शासन ने इस मामले में एसआईटी का गठन कर दिया था। 5 जुलाई की शाम एसआईटी की 9 से 10 सदस्यीय टीम कमांडेंट राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में बलरामपुर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी। एसआईटी ने विवेचना डायरी की जांच करने के साथ ही पुलिस द्वारा जुटाए गए तथ्यों की जानकारी ली। इसके साथ ही परिजन व गवाहों के बयान दर्ज किए जबकि शनिवार की सुबह टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया और घटना का रिक्रिएशन कराया है। फिलहाल बलरामपुर जिले में एसआईटी की जांच जारी रहेगी।



घटना स्थल की जांच करते एसआईटी के सदस्य।

### तीन लोगों को किया गया था गिरफ्तार

बजरंग दल के नेता सुजीत सोनी व किरण काशी की मौत करंट से होने की पुष्टि हुई थी। जांच में यह बात सामने आई थी कि परिश्रम, शिलो शिवचरण नाम ग्रामीणों द्वारा जंगली सूअर के शिकार हेतु हाई वोल्टेज तार से जोड़कर तरंगित फंदा लगाया गया था। जंगल में युवक युवती इसी तरंगित तार के चपेट में आ गए और दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपियों से तार, खूंटी, लाठी व टांगी बरामद किया था लेकिन पुलिस की इस जांच पर नगरवासियों को भरोसा नहीं था। परिजन युवक की हत्या के पीछे किसी सुनियोजित साजिश की बात कह रहे थे।

### पहुंची है टीम

हत्या के मामले में एसआईटी की टीम जिले में पहुंच गई है। टीम ने अपनी जांच शुरू कर दी है। आज टीम ने घटना स्थल का मुआयना भी किया है।

-डॉ. लाल उमेद सिंह, एसएसपी

### डोमनी नाला में मिला ग्रामीण का शव

**सीतापुर**। शनिवार को डोमनी नाला में ग्रामीण का शव मिला है। ग्रामीण घर से निकला था लेकिन अगले दिन उसका शव बरामद किया गया। विकासखंड अंतर्गत ग्राम नवापारा एरंड निवासी 50 वर्षीय समुन्दर राम नागवंशी शुक्रवार की शाम मवेशियों को गौठान में बांधने के बाद घर से किसी काम से निकला था लेकिन रातभर वह वापस घर नहीं लौटा। ग्रामीण के परिजन लगातार उसकी खोजबीन कर रहे थे। इस बीच शनिवार की सुबह ग्रामीणों ने डोमनी नाला में ग्रामीण का शव देखकर इसकी जानकारी पुलिस को दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा शिनाख्त के दौरान मृतक की पहचान समुन्दर राम नागवंशी के रूप में की है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद वस्तु स्थिति स्पष्ट होने की बात कह रही है।

**खबर संक्षेप**

### रेल विस्तार को लेकर विधायक ने रेल मंत्री को लिखा पत्र



**डांड़गांव**। विधायक राजेश अग्रवाल ने केंद्रीय रेल मंत्री को पत्र लिखकर सरगुजा संभाग के जनता की महत्वपूर्ण मांग को रखा है। वर्षों पुरानी मांग है कि जिले के लोगों को आवागमन के लिए रेल सुविधा के दृष्टिकोण से नागपुर जंक्शन से जोड़ा जाए ताकि यहाँ के लोगों शिक्षा, स्वास्थ्य, धार्मिक कार्य के लिए आने जाने में जो दिक्कत हो रही है उससे निदान हो सके। इस क्षेत्र में आने जाने के लिए ट्रेन नहीं होने के कारण कई दिनों तक लोगों को इंतजार में वेटिंग में लगे रहना पड़ता है। जबकि उच्च स्तर के स्वस्थ्य जांच एवं पढाई के साथ धार्मिक यात्रा के लिए नागपुर रूट से ही जाना पड़ता है। वर्तमान में यहां कई ट्रेनें बदल कर आना जाना पड़ता है। विधायक ने दुर्ग अम्बिकापुर चलते वाली ट्रेन को सीधे नागपुर से अम्बिकापुर तक चलाने की मांग की है। रेल विस्तार को लेकर विधायक राजेश अग्रवाल ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा है।

# युवक से चेन व नकदी लूटने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर**। एक वर्ष पूर्व युवक से मारपीट कर नगद व चांदी की चेन लूटने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस में गिरफ्तार किया है। एसपी द्वारा आरोपी पर 5 हजार रुपए के इनाम की घोषणा की गई थी।



- एक साल से चल रहा था फरार, एसपी ने की थी 5 हजार के इनाम की घोषणा

पुलिस ने आरोपी के पास से डंडा, पेचकस व 200 रुपए नगद बरामद किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार केना बांध निवासी 24 वर्षीय अंकित मिश्रा 21 जुलाई 2023 को अपने दोस्त के साथ गर्ल्स कॉलेज गेट की ओर से जा रहा था। इस दौरान कॉलेज गेट पर राहुल जायसवाल अपने साथियों के साथ पहुंच गया और वाहन नहीं चलाने आने की बात करते हुए उसके साथ डंडा और पेचकस से मारपीट की। इस दौरान आरोपी ने अंकित मिश्रा के पास मौजूद 500 रुपए व गले मे पहने हुए चांदी के चेन को लूट लिया था। इस मामले में पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। एक साल से फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एसपी द्वारा 5 हजार रुपए के नगद इनाम की घोषणा की गई थी। इस मामले में पुलिस लगातार आरोपी की तलाश कर रही थी। इस बीच पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने बाबूपारा अटल आवास निवासी 22 वर्षीय राहुल जायसवाल को घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने मामले में आरोपी से 200 रुपए नगद, घटना में प्रयुक्त डंडा, पेचकस बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को धारा 394, 34 के तहत गिरफ्तार कर लिया है जबकि शेष आरोपियों की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में मणिपुर थाना प्रभारी दुर्गेश्वरी चौबे, सउनि नवल किशोर दुबे, प्रधान आरक्षक पीताम्बर सिंह, आरक्षक अतुल शर्मा शामिल रहे।

### पिकअप चोरी, आरोपी युवक गिरफ्तार



पिकअप वाहन चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से चोरी का वाहन भी बरामद करने में सफलता हासिल कर ली है। कोतवाली पुलिस के अनुसार झारखण्ड पलामू नवाबाजार इटको निवासी बंसत सिंह ने अपने चालक मेहराब पिकअप क्रमांक जेएच 03 एएन 4112 को सब्जी लोड करने के लिए 3 जुलाई को सरगुजा भेजा था। सब्जी लोड नहीं होने के कारण 4 जुलाई को चालक मेहरबा अंसारी पिकअप को चांदनी चौक के समीप खड़ा कर खाना खाने चला गया था। जब वह वापस लौटा तो उसका पिकअप गायब था। ऐसे में वाहन मालिक द्वारा पुलिस को मामले की शिकायत गई थी। शिकायत के बाद पुलिस मामले की तलाश की जा रही थी। इस दौरान पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार केदारपुर भट्ठी रोड निवासी 35 वर्षीय राकेश कुमार सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी से चोरी का पिकअप बरामद करने के साथ ही उसे बीएनएस की धारा 303(2) के तहत गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी पूर्व में भी दो पहिया वाहन की चोरी के मामले में जेल जा चुका है और हाल ही में जमानत पर बाहर आया था। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली मनीष सिंह परिहार, स्पेशल टीम प्रभारी विवेक पाण्डेय, प्रधान आरक्षक सतीश उपाध्याय, आरक्षक विवेक राय, सत्येंद्र दुबे, अमित विश्वकर्मा, विकास सिंह, राहुल सिंह शामिल रहे।

# आज निकलेगी महाप्रभु की रथयात्रा, भगवान जाएंगे मौसी के घर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

स्हस्त्रधारा स्नान के बाद बीमार पड़े महाप्रभु अब स्वस्थ्य हो गए हैं जिसके बाद मान्यता अनुसार महाप्रभु अपने भाई व बहन के साथ अपनी मौसी के घर जाएंगे जिसके लिए 7 जुलाई को भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी।

इस संबंध में जगन्नाथ मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष मनोज कंसारी ने बताया कि जगन्नाथ महाप्रभु के लिए सहस्त्रधारा स्नान 22 जून को आयोजित की गई। प्रति वर्ष ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा बहन को सहस्त्रधारा स्नान कराया जाता है। जगन्नाथ को 35 घड़े से, बलभद्र जी को 33 घड़े, सुभद्रा को 22 घड़े और सुदर्शन चक्र को 18 घड़े से स्नान करवाते हैं। इस तरह भगवान के विग्रहों को 108 घड़ों के जल से सहस्त्रधारा स्नान करवाया जाता है।



माना जाता है कि स्नान के पश्चात जगन्नाथ बीमार हो जाते हैं। इस कारण से 14 दिनों के लिए मंदिर के कपाट भक्तों के दर्शन के लिए बंद कर दिए जाते हैं और भगवान एकांतवास में चले जाते हैं। इसे अनवसर काल भी कहा जाता है। जगन्नाथ को जड़ी बूटी से बना काढ़ा, फलों का रस, खिचड़ी दलिया का भोग लगाया जाता है। जगन्नाथ को ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन स्नान करवाया जाता है। जिसे स्नान यात्रा कहा जाता है। स्नान यात्रा के दिन जगन्नाथ के गजानन वेश के दर्शन होते हैं। इसके बाद जब महाप्रभु स्वस्थ होते हैं तो वे अपने भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ अपनी मौसी के घर 9 दिनों के लिए रहने जाते हैं जिसके लिए परम्परा अनुसार रथयात्रा निकाली जाती है। इस वर्ष 7 जुलाई को रथयात्रा निकाली जाएगी। जिसकी भव्य तैयारी उत्कल समाज व जगन्नाथ मंदिर समिति ने प्रारंभ कर दी थी।

### उड़ीसा से आ रहे पुजारी

जगन्नाथ मंदिर के पुजारी बैकुंठनाथ पंडा काफी दिनों से अस्वस्थ हैं तथा जिला अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। समिति द्वारा उड़ीसा से शंभू नाथ पंडा को बुलवाया है जो समस्त पूजा को सम्पन्न कराएंगे। आषाढ़ शुक्ल पक्ष की द्वितिय तिथी को निकाली जाने वाली रथ यात्रा के लिए इस बार 7 जुलाई को प्रातः पुष्य नक्षत्र में 5.40 बजे जगन्नाथ महाप्रभु का नेत्र उत्सव पूजन सम्पन्न होगा। तत्पश्चात मंगल आरती उपरांत श्री गुंडीचा रथ यात्रा पूजा प्रातः 8 से 11.26 के बीच शुभ मुहुर्त में सम्पन्न होगा और आहूति उपरांत रथ को दोपहर 12.30 बजे निकला जाएगा। रथयात्रा शहर के मुख्यमार्गों से होते हुए देवीगंज मार्ग स्थित दुर्गा बाड़ी प्रांगण में पहुंचेगी जहां महाप्रभु अपनी मौसी गुंडीचा के घर 9 दिनों तक रहेंगे।



## खबर संक्षेप



### भवरमाल स्कूल परिसर में किया गया पौधरोपण

**रामानुजगंज।** भवरमाल माध्यमिक एवं प्राथमिक स्कूल परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन गांव के नेपाल सिंह, संतोष यादव, संजीत गुप्ता चुन्नू, पंकज गुप्ता, संकुल प्राचार्य रविंद्र गुप्ता, व्याख्याता जय कुमार चौबे के उपस्थिति में किया गया जहां पौधरोपण के साथ-साथ पौधे के रक्षा का भी संकल्प लिया गया। इस अवसर पर नेपाल सिंह एवं संजीत चुन्नू ने कहा हम सबको अधिक से अधिक पेड़ को लगाने एवं उसकी रक्षा के लिए जागरूक होने की आवश्यकता है। जिस प्रकार से तापमान में बढ़ोतरी हो रही है इसे रोकने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाए जाने की आवश्यकता है ताकि वातावरण में संतुलन बना रहे। व्याख्याता जय कुमार चौबे ने पर्यावरण संतुलन हेतु पौधों की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया। स्कूल के शिक्षक वीरेंद्र तिवारी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष स्कूल में पौधारोपण किया जाता है पौधरोपण के साथ हम सब पौधों की देखभाल करते हैं जिस कारण आज स्कूल में जो पौधे पहले लगाए गए थे वह अब बड़े हो गए हैं। इस दौरान प्रधान पाठिका मीरा प्रजापति, शिक्षक वीरेंद्र तिवारी, चंद्रमणि राठिया, दिलासी लकड़ा, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला सुनीता गुप्ता, ज्योति गुप्ता रजनी बाई, साधना विश्वास सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। स्कूल में पीपल, बरगद, शीशम, सागौन, अशोक, नीम, जामुन आदि के पौधे लगाए गए।

### साहित्यकार अजय को मिली अब्ज की उपाधि

**अम्बिकापुर।** संत हरकेवल महाविद्यालय में आयोजित स्वामी निश्चलानंद सरस्वती के प्राकट्य महोत्सव एवं उपाधि वितरण समारोह में साहित्यकार एवं राज्यपाल पुरस्कृत व्याख्याता अजय कुमार चतुर्वेदी को अब्ज उपाधि से नवाजा गया। श्री चतुर्वेदी ने इतिहास, पुरातत्व, साहित्य, लोक संस्कृति, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, विलुप्त होते लोक वादों व श्री राम वन गमन परिपथ पर शोध किया है। उनके असाधारण कार्यों के लिए अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। क्षेत्रीय विधायक राजेश अग्रवाल एवं एसजीजीयू के कुलसचिव डॉ.एसपी त्रिपाठी ने उन्हें उपाधि प्रदान की। विहिप के आलोक दुबे, भगवान दास बंसल, अरविंद मिश्रा, अंजन सिंह उपस्थित थे।

### प्रशासनिक समिति करे अधिवक्ता संघ के दायित्वों का क्रियान्वयन

**अम्बिकापुर।** राज्य विधिज्ञ परिषद् के सचिव अमित कुमार वर्मा ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश को ज्ञापन प्रेषित कर जिला अधिवक्ता संघ के दायित्वों का क्रियान्वयन प्रशासनिक समिति के माध्यम से कराने की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि राज्य विधिज्ञ परिषद् ने सितम्बर 2023 को जिला अधिवक्ता संघ से संघ के क्रियाकलापों का संचालन किये जाने हेतु प्रशासनिक आदेश पारित किया है। जिसे किसी भी न्यायालय अथवा उच्च न्यायालय द्वारा स्थगित नहीं किया गया है। विधिज्ञ परिषद द्वारा पारित प्रस्ताव वर्तमान में प्रभावशील है। राज्य विधिज्ञ परिषद प्रदेश के समस्त अधिवक्ता संघ की मातृ संस्था है जो मान्यता अधिनियम 2009 एडवोकेट एक्ट के तहत पालन, दिशा निर्देश सुनिश्चित कर उसका क्रियान्वयन करती है।

## वित्त व प्रभारी मंत्री ओपी ने जताई नाराजगी, लापरवाही पर दिए कार्रवाई के निर्देश

# पीएम आवास निर्माण में गड़बड़ी करने वालों पर होगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रदेश के वित्त व जिले के प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी ने मैनपाट व जिलेभर में पीएम आवास में चल रही गड़बड़ियों को लेकर खासी नाराजगी व्यक्त की है। मंत्री श्री चौधरी ने बैठक में स्पष्ट रूप से निर्देश दिया है कि पीएम आवास निर्माण में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करते हुए दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया जाए।

**खास बात**

- कहा-10 बड़े प्रोजेक्ट बनाकर करें काम जिससे बने जिले की पहचान

मंत्री श्री चौधरी शुक्रवार की देर शाम जिला स्तरीय विभागीय समीक्षा बैठक ले रहे थे। यह बैठक देर रात तक जारी रही। इस दौरान मंत्री ने पीएम आवास को लेकर अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि आवास योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों को मिलना चाहिए। इस बैठक में सांसद चिंतामणि महाराज, विधायक प्रबोध मिंज, राजेश अग्रवाल, राम कुमार टोप्पो शामिल हुए।

बता दें कि शुक्रवार को प्रदेश के वित्त व जिले के प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी पहली बार सरगुजा पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विभागीय समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि सरगुजा के सर्वांगीण विकास के लिए जनप्रतिनिधि व जिला प्रशासन समन्वय बनाकर काम करें। कलेक्टर जिले में ऐसे 10 प्रोजेक्ट का चिन्हांकन करें जिससे सरगुजा की पहचान बन सकें और आम जनता को लम्बे समय तक इसका लाभ मिलता रहे। अधिकारी शिक्षा, खेल, पर्यावरण सौंदर्यीकरण, सड़क, शहरी विकास, रोजगार आदि से जुड़े बड़े प्रोजेक्ट का चिन्हांकन करें और डीएमएफ, सीएसआर जैसे मदों के सहयोग से तैयार करने की कार्ययोजना बनाकर कार्य पूर्ण कराए। मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि तहत गांव में सघन अभियान चलाकर पंजीयन कराएं और ज्यादा से ज्यादा किसानो को योजना का लाभ दिलाएं। आगामी 1 माह में अभियान चलाकर शत प्रतिशत वनाधिकार पत्र धारी किसानों को पीएम किसान निधि योजना से जोड़ें। जिले में उर्वरकों की उपलब्धता और वितरण की समीक्षा करते हुए कहा कि समितियों में उर्वरक की कमी ना हो, साथ ही किसी भी स्थिति में उर्वरक की कालाबाजारी ना हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। जिले में पर्याप्त मात्रा में बीजों का भी भंडारण रहे और वितरण समय पर हो।

प्रभारी मंत्री ने जल जीवन मिशन के कार्यों की जानकारी ली और कलेक्टर को निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन के कार्यों में प्रगति लाने और गुणवत्ता हेतु जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में एसडीओ, सब इंजीनियर और ठेकेदारों की बैठक लें और समीक्षा करें। इस दौरान एसपी योगेश पटेल, डीएफओ तेजस शेखर, सीईओ जिपं नूतन कंवर सहित अपर कलेक्टर एएल ध्रुव व अन्य अधिकारी मौजूद थे।


बैठक को संबोधित करते प्रभारी मंत्री।

### मेडिकल कॉलेज को जल्द मिलेगी राशि

वित्त मंत्री ने राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के अस्पताल भवन निर्माण की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान मेडिकल कॉलेज के लंबित निर्माण कार्यों को जल्द पूर्ण कराने के संबंध में उन्होंने कहा कि आम जन की सुविधा के लिए शासन प्रतिबद्ध है। शीघ्र ही आवश्यक बजट की राशि जिले को मिलेगी, इस हेतु प्रयास जारी है। वित्त मंत्री ने स्कूल जतन योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि स्कूल जतन योजना के तहत पूर्ण किए गए कार्यों का भौतिक सत्यापन किया जाए। सैनिक स्कूल, केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय को उत्कृष्ट बनाने का प्रयास किया जाए इसके साथ ही व्यावसायिक शिक्षा को भी जिले में बढ़ावा दिया जाए। आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लंबित कार्यों को लक्ष्य निर्धारित करते हुए पूर्ण किया जाए।

### पीएम जनमन के तहत 189 किमी सड़क का निर्माण

बैठक के दौरान मंत्री श्री चौधरी ने पीएम जनमन योजना के कार्यों पर संतुष्टि जाहिर की। इस दौरान पीवीटीजी बसाहटों में कनेक्टिविटी को लेकर अधिकारियों ने बताया कि पपीवीटीजी बसाहटों में प्रथम चरण में कुल 189 किमी लंबाई की 51 सड़कों का निर्माण किया जाना है। द्वितीय चरण में 31 सड़कों हेतु सर्वे किया गया है जिससे पीवीटीजी बसाहटों में आवागमन सहज हो सके। इसी तरह बैठक में प्रभारी मंत्री ने एनएच अधिकारी से जिले में महत्वपूर्ण बायपास रोड निर्माण के प्रस्ताव पर जानकारी ली।

### अतिक्रमण करने वालों पर करें कार्रवाई

बैठक में राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए मंत्री श्री चौधरी ने स्पष्ट रूप से कहा कि राजस्व विभाग निष्ठा से काम करे। कार्य के प्रति लापरवाही पर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए। मैनपाट में भूमि संबंधी मामलों पर उन्होंने कलेक्टर के मार्गदर्शन में एसडीएम को उचित कार्रवाई कर अतिक्रमित और फर्जी तरीके से काबिज शासकीय भूमि के प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए। एसडीएम ने बताया कि प्रशासन की कार्यवाही जारी है और अब तक 318 एकड़ भूमि शासकीय मद में पुनः दर्ज की जा चुकी है। उन्होंने इसी तरह कार्यवाही जारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने डीएफओ को वृक्षों की अवैध कटाई को रोकने और नवीन वृक्षारोपण को सफल बनाने के लिए समुचित कदम उठाने के निर्देश दिए।


## एसईसीएल के अफसर का आवास में फांसी पर लटकता मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ विश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर के आरजीके सहक्षेत्र परियोजना कार्यालय में पदस्थ मुख्य प्रबंधक कार्मिक वेद प्रकाश पिता लक्ष्मीकांत 57 वर्ष ने गत 5 जुलाई दिन शुक्रवार को अपने सरकारी आवास 2 सी 7 में अज्ञात कारणों से फांसी लगा खुदकुशी कर ली।

- एक वर्ष पूर्व ही जमुना कोतमा खदान से रेहर गायत्री खदान में हुआ था स्थानांतरण
- कम्पनी आवास में अकेले ही रहते थे ,पत्नी व दो बच्चे बैंगलोर में रहते हैं

बताया गया कि वेद प्रकाश अभी करीब एक वर्ष पूर्व ही जमुना कोतमा कॉलरी से तबादला के बाद बिश्रामपुर क्षेत्र आए थे। वह यहां कम्पनी आवास में अकेले ही रहते थे ,उनकी पत्नी व बच्चे बैंगलुरू में रहते हैं। जानकारी के अनुसार कल वेद प्रकाश खदान ड्यूटी पर भी नहीं गए थे। उनके आवास में टिफिन पहुंचाने वाला व्यक्ति कल शाम सात बजे उनके आवास आया था ,कमरा भीतर से बंद होने वह बेल बजाई और लगातार आवाज देने के बाद अंदर से कोई जवाब नहीं आने की स्थिति में टिफिन देने आए युवक ने कोल अधिकारी की पत्नी को फ़ोन कर घटनाक्रम की जानकारी दी। बाद में युवक ने कॉलोनी के पड़ोसियों को भी मामले से अवगत कराया,इस दौरान वहाँ से गुजर रहे कम्पनी क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण को भी मामले से अवगत कराया गया, तब उन्होंने क्वार्टर की खिड़की से रूम में झांका तो पाया कि अधिकारी दरवाजे के ऊपर लगे ग्रिल में गमछा के सहारे फांसी पर लटके हुए हैं।



मामले की सूचना स्थानीय अधिकारियों ने बिश्रामपुर पुलिस को दी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घर का दरवाजा खोलते हुए शव के पंचनामा प्रक्रिया के बाद शव को परिजनों के यहाँ पहुँचने तक केंद्रीय अस्पताल के मरचूरी के सुरक्षित रखवाया है ,आत्महत्या करने की वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है,देर शाम तक परिजनों के पहुंचने के बाद रविवार को पीएम कराए जाने की जानकारी है।प्राप्त जानकारी अनुसार मृतक वेदप्रकाश मूलतः यूपी बलिया के रहने वाले हैं ,बैंगलोर में भी उनका घर है पत्नी व उनके एक पुत्र एवं पुत्री बैंगलोर में रहते हैं।

## शाला प्रवेशोत्सव में शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल

**मनेन्द्रगढ़ ।** आत्मानंद परिसर के सामने उत्साहपूर्ण वातावरण में जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती रेणुका सिंह अध्यक्ष जिला पंचायत कोरिया ने की। जिला स्तरीय आयोजन का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

## छह घंटे से मसगा सोनपुर मुख्य मार्ग बंद, दंतैल के घूमने से दहशत

**प्रतापपुर।** वन परिक्षेत्र प्रतापपुर में हाथियों के आतंक से लोग परेशान हैं। पिछले 11 दिनों से वन परिक्षेत्र प्रतापपुर के दर्जनों गांव में जंगली हाथी द्वारा फसलों को लगातार नुकसान पहुंचाया जा रहा है। सुबह के समय हाथी वन परिक्षेत्र प्रतापपुर के टुकुडांड सर्किल मसगा जंगल के मुख्य मार्ग पर विचरण कर रहा है। सावधानी के तौर पर मुख्य मार्ग में नाकेबंदी कर दोनों तरफ आम जनों को रोक दिया गया है। जानकारी के अनुसार वन परिक्षेत्र प्रतापपुर के टुकुडांड सर्किल वी धरमपुर सर्किल के दो दर्जन से अधिक गांव में लगातार हाथियों की समस्या है। दर्जनों गांव में कई जगहों पर स्कूली क्षेत्र में भी हाथी दिन के समय निकल जाते है जिससे स्कूली बच्चों में दशक का माहौल है। धरमपुर सर्किल के गौरा गांव में दिन के समय स्कूल के पास हाथी पहुंचने से बच्चे भयभीत है और स्कूल जाना छोड़ दिया हैं। इधर हाथी की समस्याओं को लेकर विभाग गंभीर नहीं दिख रही है। वन विभाग के कई आला अधिकारी अपने मुख्यालय पर नहीं रहते हैं और हाथी की समस्याओं के समाधान के लिए कोई ठोस उपाय नहीं कर रहे हैं जिससे हाथी की समस्या बरकरार है।

## कलेक्टर से मिला पत्रकार संघ, मारपीट मामले में कार्रवाई की मांग



**सूरजपुर।** गुरुवार को एसडीएम द्वारा कोतवाली परिसर में दो कांग्रेसियों की पिटाई का वीडियो बना रहे एक पत्रकार का मोबाइल छीनकर हाथापाई किए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले में सीएम के बयान के बाद शनिवार को पत्रकार संघ के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से मुलाकात कर वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिस पर कलेक्टर ने बताया कि एडिशनल कलेक्टर को मामले की जांच के निर्देश दे दिए गए है। वे मामले को लेकर गंभीर है।

तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं जशपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने भी कहा था कि मामला उनके संज्ञान में है और मामले की जांच कराई जा रही है। बता दें कि गुरुवार को पीडब्ल्यूडी द्वारा कराए जा रहे सड़क निर्माण कार्य मे गड़बड़ी को लेकर जिला संयुक्त कार्यालय का घेराव करने जा रहे कांग्रेसियों के प्रतिनिधिमंडल को चर्चा के लिए कोतवाली थाने में बुलाकर एसडीएम द्वारा अभद्रता करते हुए मारपीट की गई। वहीं घटना का वीडियो बना रहे एक पत्रकार से पिटाई करने पर भड़के कांग्रेसियों समेत लोगों ने कोतवाली का घेराव कर चक्काजाम कर दिया था। आक्रोशित भीड़ ने एसडीएम के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कार्रवाई की मांग की थी। पत्रकार के साथ घटित घटना से नाराज पत्रकार संघ के प्रतिनिधि मंडल ने शनिवार को कलेक्टर रोहित व्यास से मुलाकात की और घटना की निंदा करते हुए उन्हें वस्तु स्थिति से अवगत कराया। साथ ही एसडीएम के विरुद्ध अपराधिक प्रकरण दर्ज कर निलंबित करने की मांग की। कलेक्टर ने पत्रकारों को बताया कि मामले में एडिशनल कलेक्टर को जांच के निर्देश दिए गए हैं। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इधर शुक्रवार को भी जशपुर प्रवास पर रहे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भी जब घटना के संबध में सवाल किया तो उन्होंने कहा था कि मामला उनके संज्ञान में है और मामले की जांच कराई जा रही है। ज्ञापन सौंपने के दौरान नरेंद्र जैन, सुनील अग्रवाल, प्रवेश गोयल, अजय गुप्ता, अनवर खान, चंचलेश श्रीवास्तव, नितेश गुप्ता, इमाम हसन, नौशाद अहमद, दिलशाद अहमद, अंकित सोनी, जानी खान, समरोज खान, सुभाष गुप्ता, विष्णु कसेरा, रामजी साहू, अख्तर अली, नदीम खान, आमिर अली, आकाश कसेरा, आशीष साहू, नीरज साहू, अफजल सहित अन्य उपस्थित थे।

## हेल्थ प्लस

### विद्या डायग्नोस्टिक सेंटर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कल

**अम्बिकापुर।** नगर के दर्रीपारा में संचालित विद्या डायग्नोस्टिक एवं सुपर स्पेशलिटी सेंटर में 7 जुलाई रविवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में विशेषज्ञ डॉ. संजीत जायसवाल (इंडोक्राइन विशेषज्ञ ) द्वारा शुगर, थायराइड, मोटापा एवं हार्मोन संबंधित जांच की जाएगी। संचालक डॉ. विवेक कुमार केशरी (रेडियोलॉजिस्ट) ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सुबह 10 से दोपहर 4 बजे तक किया जाएगा एवं हमारे यहां सोनोग्राफी, सिटी स्कैन, एक्स-रे, कलर डॉपलर, ईसीजी, ईईजी, स्पायरोमेट्री ऑडियोमेट्री, पैथोलॉजी एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध है।



## सरगुजा के कारण ही छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी : चौधरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिले के प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी के प्रथम नगर आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए प्रभारी मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि सरगुजा के कारण ही छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी है।

उन्होंने कहा कि मैं जब भी अम्बिकापुर आता हूं तो लगता हैं अपने दूसरे घर आया हूं। पुरानी यादें ताजा हो जाती हैं। आप भाग्यशाली हैं जो सरगुजा की सुंदर प्राकृतिक छटाओं के बीच रहते हैं। कांग्रेस के माफिया राज से हमें मुक्ति मिली है। अब छत्तीसगढ़ में विकास की बयार बहाना है। हम सत्ता पक्ष में हैं, अब जवाबदारी हम पर हैं। मिलकर प्रदेश के विकास में अपना योगदान देना है। महतारी वंदन योजना का पैसा हर महीने बिना किसी रूकावट के महिलाओं के खाते में जा रहा है। सरकार जी जान से जनता की भलाई के लिए काम करने में जुटी हुई है। इस दौरान विधायक राजेश अग्रवाल, लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज, सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो, अनुराग सिंहदेव, अनिल सिंह मेजर, अखिलेश सोनी, भारत सिंह सिसोदिया, हरपाल सिंह भामरा, अभिमन्यु गुप्ता, देवनाथ पैकरा आदि उपस्थित थे।



## चोर को पुलिस ने स्कूटी चोरी के आरोप में पकड़ा

**बिश्रामपुर।** नगर में लगातार एक के बाद एक हो रही चोरी की घटनाओं से पुलिस की हो रही किरकिरी के बाद अचानक सक्रिय हुई पुलिस ने जब आदतन चोर के घर पहुंच खोजबीन कर कड़ाई से पूछताछ की तो उसने चोरी की अलग अलग घटनाओं को अंजाम देने की बात स्वीकार ली है,पकड़ाया गया आदतन चोर सोहागपुर ढपना निवासी है। पुलिस ने बताया कि बिश्रामपुर जेएमक्यू कॉलोनी क्वार्टर नंबर 66 निवासी प्रार्थी आयुष कुमार पिता अभय जो गत 3 जून को अपने सरकारी आवास में ताला बंद कर अपने लकवा ग्रस्त पिता का इलाज कराने अपोलो अस्पताल बिलासपुर गया था ,आठ जून को जब वापस आकर देखा तो पाया कि उसके दरवाजे का ताला टूटा है और घर के भीतर एचपी कंपनी का लैपटॉप व होंडा एक्टिवा स्कूटी गायब है जिसकी रिपोर्ट आयुष ने बिश्रामपुर थाने में उसी दिन दर्ज कराई थी ,इसके अतिरिक्त नगर में हुई कई अन्य चोरियों के आरोपियों की पता तलाश में पुलिस जुटी थी।शंका के आधार व मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आदतन चोर सोहागपुर ढपना निवासी भज्जू बसदेवा उर्फ़ लल्लू पिता रामाधार 30 वर्ष की निशानदेही पर एचपी कंपनी का लैपटॉप व स्कूटी बरामद किया है ,आरोपी ने पूछताछ में अम्बिकापुर के रेलवे कॉलोनी में भी गत 19 - 20 मई की दरम्यानी रात चोरी की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकारी है।

- दो अन्य चोरी की घटनाओं का हो गया खुलासा
- जेएमक्यू कॉलोनी निवासी कोलकर्मी के बंद आवास का ताला तोड़कर स्कूटी व लैप टॉप की हुई थी चोरी



## डांड़करवां स्कूल प्रबंधन की बड़ी लापरवाही, बच्चों को बांटे एक्सपायरी मिलेट्स बार

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

जिले के डांडकरवां स्थित आत्मानंद स्कूल में प्रबंधन न सिर्फ लापरवाही बरती बल्कि एक्सपायरी मिलेट्स बार को स्कूली बच्चों को बांट दिया। जिसकी वैद्यता एक महीना पूर्व खत्म हो गई थी। घटना की जानकारी लगने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने जिला शिक्षा अधिकारी से की है। वहीं परिजन भी स्कूल प्रबंधन की लापरवाही करने पर नाराजगी जाहिर की है।

- मार्च माह में स्कूली बच्चों को वितरण करने पहुंचाया गया था मिलेट्स बार
- अभाविप ने की जिला शिक्षा अधिकारी से शिकायत

अभाविप के विभाग संयोजक अंकुर पटेल ने बताया कि स्कूल में एक्सपायरी मिलेट्स बार को बच्चों में बांट देने की जानकारी लगने पर घटना के बारे विकासखंड शिक्षा अधिकारी पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि मिलेट्स बार मार्च महीने में स्कूलों में पहुंचाया गया था और इसे मार्च के महीने में ही बच्चों में बांटकर खत्म करना था। इधर अभाविप सहित अभिभावक स्वामी आत्मानंद स्कूल में पहुंचे और स्कूल प्रबंधन की लापरवाही का जमकर विरोध किया। डांडकरवां नगर मंत्री रवि कुमार गुप्ता और नगर सहमंत्री शनि गुप्ता के सवाल करने पर अधिकारियों ने चुप्पी साध ली जिससे अभिभावक काफी आक्रोश है। अभिभावकों का कहना है कि अधिकारियों की लापरवाही के कारण ऐसी घटना हुई। बरसात के दिनों में एक्सपायरी समान स्कूलों में देना और ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के खाने से उनके स्वास्थ्य पर ही विपरीत असर पड़ सकता है। अभिभावकों ने बताया कि मामला का खुलासा तब हुआ जब बीते दिनों स्वामी आत्मानंद स्कूल में यह मिलेट्स बार बांटी गई। प्रत्येक बच्चे को 10, 5 और 15 पीस दे दिया गया। पहले बच्चों को केवल एक पीस ही दिया जाता था। ऐसे में संदेह होने पर जब देखा की वह एक्सपायरी हो चुका था। स्कूल प्रबंधन ने फेंकने के बजाए मिलेट्स बार को बच्चों में बांट दिया जो बड़ी लापरवाही है। अभिभावकों सहित अभाविप कार्यकर्ताओं ने मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।


बच्चों को दिए गए एक्सपायरी मिलेट्स बार।

**कराई जाएगी जांच**

बच्चों को एक्सपायरी मिलेट्स बार बांटे गए है तो इसकी जांच कराई जाएगी। एक्सपायरी देखकर बच्चों को वितरण करना चाहिए था। स्कूल प्रबंधन पर इस लापरवाही के लिए कड़ी कार्रवाई होगी।
राम ललित पटेल
जिला शिक्षा अधिकारी

*****अम्बिकापुर।** जोड़ा तालाब समीप निवासी जग्गू राम आ. स्व. परमानंद प्रधान (50 वर्ष) नगर निगम के पीएचई विभाग में मैकेनिक था। गत दिन भिट्ठी कला में हैंडपंप मरम्मत करने गया था। शाम को बाइक से वापस घर लौट रहा था और जैसे ही साड़बार बैरियर के समीप पहुंचा तभी अज्ञात चार पहिया वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे जग्गू गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

